# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल)    सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल)    पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)


☎ : 05947-252841

Pioneerism, A commitment to Humanity

18 दिसम्बर 2012    सहयोग राशि रु. 250/- वार्षिक    अंक-339

## 43वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य समारोह हापुड़ में सम्पन्न







हापुड़। 18 नवम्बर 2012। आर.के. प्लाजा हापुड़ में 43 एजीएम का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ। इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर, इण्टरनेशनल क्लब चित्रकूट, इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब गाजियाबाद व इण्टरनेशनल महिला क्लब हापुड़ सहित हापुड़ नगर की तीन शाखाओं हापुड़ मित्र, हापुड़ मेन, हापुड़ कला साहित्य मंत्र के लगभग 200 पायनियर्स परिवारों ने इस विशाल एवं भव्य समारोह में भाग लिया। हापुड़ नगर की अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सम्मलित हो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक आगन्तुक पायनियर्स को नाश्ता व



वेलकम किट देकर माल्यापर्ण से स्वागत किया गया। प्रात: 11 से 2 बजे तक जनरल हाउस की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता पाय. केशव शिवहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई तथा पाय. संतोष महरोत्रा राष्ट्रीय महासचिव, पाय. एम.एस. नेगी (आर्कि.), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी शाखा अध्यक्षों को मंच प्रदान किया गया। जनरल हाउस बैठक में अनेकों वक्ताओं ने पायनियर्स के विकास व उन्नति के लिए सुझाव दिये। महिला शाखा की अध्यक्ष पाय. आराधना वाजपेयी ने प्रत्येक शहर में कम से कम एक महिला पायनियर शाखा खोलने का सुझाव दिया। पाय. महावीर वर्मा ने सुझाव दिया कि जिन शहरों में हमारी शाखायें निष्क्रिय होने के कारण बन्द हो चुकी है वहाँ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/जोनल चैयरमैन दौरा कर उन शाखाओं का पुन: गठन करायें। पाय. विजेन्द्र गर्ग लोहे वालों ने प्रत्येक शाखाओं में शाखा के प्रत्येक सदस्य को कम से कम एक-एक सदस्य उस शाखा में नया जोड़ने का लक्ष्य दिया जायें। यदि इस लक्ष्य की प्राप्ति होती है तो स्वत: ही हमारी सदस्य संख्या दुगनी हो जायेगी। पाय. अनिल वाजपेयी ने सुझाव दिया कि हमारी शाखाओं को अधिक से अधिक सामाजिक कार्य करने चाहिए ताकि जन-जन में पायनियर्स लोकप्रिय हो सके।

पाय. अतुल शर्मा ने सुझाव दिया कि हमारे 200 से अधिक आजीवन सदस्य हैं जिनमें वर्तमान में मात्र 50 ही सक्रिय हैं। इन सभी को पायनियर्स में सक्रिय करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किये जायें। रामनगर के पाय. अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने प्रस्ताव दिया कि पायनियर के विकास व प्रसार के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। पाय. अजय अग्रवाल कर्वी ने प्रस्ताव दिया कि पायनियर की कम से कम प्रत्येक राज्यों की राजधानी में एक शाखा अवश्य होनी चाहिए ताकि राष्ट्रीय स्तर पायनियर की पहचान स्थापित हो सके। इसके लिए इन राजधानियों में चल रही अन्य सामाजिक संस्थाओं से सम्पर्क कर प्रयास किये जा सकते हैं। पाय. विशन सक्सैना ने संविधान संशोधन पेश किये कि पायनियर्स संविधान में राष्ट्रीय कार्यकारिणी/पदाधिकारीओं की संख्या व पदनाम पूर्वनिश्चित व सीमित हैं। यदि पायनियर का विस्तार करना है तो सभी वर्गो/शाखाओं के प्रगतिशील व कर्मठ कार्यकर्ताओं को उनकी क्षमता के अनुसार कार्यभार सौंपने होंगे जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उचित जगह देनी होगी।

अत: संविधान की सम्बन्धित धारा में यह संशोधन स्वीकार किये जाये कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पदों की संख्या राष्ट्रीय अध्यक्ष के विवेक पर छोड़ी जाये।

राष्ट्रीय अध्यक्ष को पायनियर के विस्तार हेतु जितने पद सृजन करने है उतने करने का अधिकार उन्हें होना चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन

*शेष पृष्ठ 2 पर....*

# 43वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य समारोह हापुड़ में सम्पन्न पृष्ठ 1 का शेष...



किया तथा संशोधन प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

पाय.के.पी. सिंह ने बैठक में आश्वासन दिया कि बहुत शीघ्र वो गाजियाबाद शाखा का विस्तार करने जा रहे हैं तथा दिल्ली शाखा जो विगत वर्ष से निष्क्रिय पड़ी है को शीघ्र ही पुन: गठित कर सक्रिय किया जायेगा। जनरल हाउस की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. केशव शिवहरे ने अंत में सभी पायनियर बन्धुओं



को 43 ए.जी.एम. में भाग लेने पर बधाई व धन्यवाद दिया तथा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष पा. अरूण यादव को उनके नये सत्र के लिए शुभकामनाऐं प्रदान की।

इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्यो के लिए सम्मान व पुरस्कार की घोषणा निम्न प्रकार की गई।

1. सर्वश्रेष्ठ पायनियर अवार्ड - विशन सक्सेना (हापुड़ मित्र)
2. सर्वाधित सक्रिय शाखा अवार्ड - पायनियर्स क्लब चित्रकूट शाखा
3. सर्वश्रेष्ठ शाखा अवार्ड - पायनियर्स क्लब हापुड़ मित्र
4. सर्वाधिक सदस्य संख्या अवार्ड - पायनियर्स क्लब रामनगर शाखा
5. विशेष सेवा सम्मान - पाय. संतोष मेहरोत्रा जी को उनके 42 वर्षो की निरंतर सेवा के लिए
6. विशिष्ट समाज सेवा सम्मान - भरत कृपाल जी, हापुड़, को सामाजिक कार्यो में उनकी सेवा के लिए

दोपहर 2.30 बजे स्वरूचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था की गई। 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक नव निवार्चित अध्यक्ष पाय. अरूण यादव के शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित किया गया

समारोह की अध्यक्षता माननीय अशोक कुमार तिवारी जिला जज हापुड़ द्वारा की गई।

समारोह में विभिन्न बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा नवगठित कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को माननीय जिला जज श्री तिवारी जी द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

समारोह में सभी उपस्थित पायनियर्स को 43 एजीएम का प्रतीक चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा पायनियर्स व राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई संदेश मंच से दिये गये।

पाय. संतोष मेहरोत्रा द्वारा अंत में सभी पायनियर्स के विकास एवं प्रसार हेतु कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल पाय. विजेन्द्र गर्ग, पाय. महावीर वर्मा व पाय. विशन सक्सेना तथा उनकी शाखा हापुड़ मित्र की पूरी टीम को बधाई दी। सायं 5.30 बजे चाट के स्टालों पर नाश्ता आदि देकर सभी पायनियर्स परिवारों को यथा योग्य सम्मान के साथ विदाई दी गई।

*पाय. बिशन सक्सैना, हापुड़*

## नव वर्ष का स्वागत

**रामनगर।** रामनगर पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष संदीप गुप्ता व सचिव डॉ. डी.एस. रावत के अनुसार रामनगर पायनियर्स के सदस्य नववर्ष का स्वागत करने के लिए 31 दिसम्बर की रात में कृष्णा गार्डन, शिवलालपुर में एकत्र होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा नववर्ष मनायेंगे।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 28 दिसम्बर को

**रामनगर।** रामनगर पायनियर्स क्लब अपने नवनिर्मित पीरूमदारा स्थित राजरानी महरोत्रा होम्योपैथिक चिकित्सालय में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगायेंगे। इस शिविर में डॉ. अनुराग पायनियर्स होम्योपैथिक चिकित्सालय रामनगर, डॉ. डी.एस. रावत एवं डॉ. चौहान रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाई वितरित करेंगे।

रामनगर पायनियर्स ने लगभग 1 लाख की लागत से इस चिकित्सालय का जीर्णोद्धार किया है।

## नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐं

समस्त सदस्यों, शुभचिन्तकों एवं देशवासियों को नववर्ष मंगलमय हो।



पाय. अरूण यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष



पाय. एम.एस.नेगी
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



पाय. संतोष मेहरोत्रा
महासचिव

# इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब "महिला समृद्धि" हापुड़

**समाज सेवा के लिए समर्पित**

**पाय० डा० रश्मि** (अध्यक्ष) 09897012243

**पाय० रूबीना माहेश्वरी** (सचिव) 08265853021

**पाय० नीनू अग्रवाल** (कोषाध्यक्ष) 09410415385

पाय० नितिका जैन (उपाध्यक्ष) पाय० डा० सोनल शर्मा (उपाध्यक्ष) पाय० अंशुल गुप्ता (उपसचिव) पाय० प्रतिभा गुप्ता (पी० आर० ओ०)

## इण्टरनेश्नल पायनियर क्लब महिला समृद्धि हापुड़ कार्यकारिणी



डॉ. रश्मि शर्मा
अध्यक्ष
मो. : 9897012243



श्रीमती रूबीना माहेश्वरी
सचिव
मो. : 8265853021



श्रीमती नीनू अग्रवाल
कोषाध्यक्ष



नितिका जैन
उपाध्यक्ष
मो. : 09582030353



डॉ. सोनल शर्मा
उपाध्यक्ष
मो. : 7830798129



श्रीमती प्रतिभा गुप्ता
पी.आर.ओ.
मो. : 9997530895



श्रीमती अंशुल गुप्ता
उपसचिव
मो. : 9758403568

## इण्टरनेशनल पायनियर्स महिला समृद्धि हापुड़ की अध्यक्षा को राष्ट्रीय अध्यक्ष का बधाई पत्र

डॉ. रश्मि शर्मा जी
अध्यक्ष

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब महिला समृद्धि शाखा का गठन करने पर आपको बहुत–बहुत बधाईयाँ।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि महिला समृद्धि शाखा आपके नेतृत्व में शीघ्र ही पायनियर्स के शिखर पर होगी। मैं आपकी पूरी कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान करता हूँ। आशा है आप एवं आपकी टीम समाज सेवा के क्षेत्र में पायनियर का नाम चारों दिशाओं में प्रकाशित करने में अपना अमूल्य योगदान देंगी एवं पायनियर परिवार की संख्या में अधिकतम वृद्धि के लिए प्रयासरत रहेगी।

अंत में महिला समृद्धि के सभी सदस्यों को नई शाखा गठन की हार्दिक बधाईयाँ।

*पाय. अरूण कुमार यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष)*

## शुभकामना संदेश


पाय. अरूण यादव जी को इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर हार्दिक बधाईयाँ। हापुड़ में क्लब की चार शाखायें कार्य कर रही हैं। सभी शाखाओं के सदस्य कर्मठ है जिस कारण क्लब ऊँचाईयों को छू रहा है। वास्तव में आसमान पर पहुँचना मुश्किल तो है पर असम्भव नहीं। सृष्टि पाँच तत्वों से निर्मित है – अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी व आकाश। सब का अपना–अपना कार्य व महत्व है पर ध्येय एक है कल्याण।

इसी प्रकार पायनियर्स क्लब की एक नवीन शाखा का गठन किया जा रहा है। एक ऊँची उड़ान और स्वप्न लेकर पांचवी शाखा इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब 'समृद्धि' (बाल एवं महिला) जो बच्चों एवं महिलाओं के स्वप्न और प्रतिभा को पंख लगायेगा अर्थात् उनके विकास और उत्थान हेतु कार्य करेगा।

*डॉ. रश्मि, हापुड़*


## नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐं

न्यूनतम ब्याज दरें अधिक ऋण पात्रता



ओरियन्टल आवास ऋण
न्यूनतम ईएमआई ₹ 944 प्रतिलाख*
ब्याज दर – 10.50%*

न्यूनतम ईएमआई ₹ 1712 प्रतिलाख*
ब्याज दर – 11.00%*

•समयपूर्व भुगतान पर कोई पेनल्टी नहीं • कोई छुपा प्रभार नहीं •परिवर्तनीय पुनर्भुगतान अवधि •कोई दस्तावेज संबंधी फीस नहीं •आवास ऋणों/वाहन ऋणों पर अब कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं

www.obcindia.co.in देखें या 0124-2340940 अथवा 1800-180-1235 (निःशुल्क) पर सम्पर्क करें।

ब्याज दरें
1 वर्ष से 3 वर्ष से कम तक – 9%, वरिष्ठ नागरिकों के लिए – 9.6%
3 वर्ष से अधिक– 9.1%, वरिष्ठ नागरिकों के लिए – 9.7%

ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स Oriental Bank of Commerce

रामनगर (नैनीताल), फोन : 05947-253426



**नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव एवं उनकी समस्त कार्यकारिणी व पायनियर्स के विस्तार के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए हार्दिक बधाईयाँ**

**पायनियर्स क्लब महिला समृद्धि क्लब हापुड़ के शुभारम्भ के लिए बधाई एवं सबको नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐं**



पाय. केशव प्रसाद शिवहरे
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब 'हापुड़ मित्र' द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन का स्वागत



इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब 'हापुड़ मित्र' द्वारा गुरू नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन का स्वागत कार्यक्रम था जलपान वितरण का आयोजन, दिनांक 25.11.12 को किया गया। नगर कीर्तन में विभिन्न गुरूद्वारों द्वारा प्रभात फेरी व जुलूस में शामिल हजारों लोगों तथा पंच प्यारों का स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव जी तथा शाखा के अध्ययक्ष पाय. सरदार भूपेन्द्र सहित सभी पायनियर सदस्यों द्वारा पंचप्यारों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया तथा नगर कीर्तन में शामिल सभी श्रद्धालुओं को जलपान के पैकेट वितरित किये गये।

कार्यक्रम में पाय. विशन सक्सेना, पाय. नीरज गर्ग, पाय. हेमन्त सोनी, पाय. अजय बंसल, पाय. मनोज अग्रवाल, पाय. हिमांशु बंसल, पाय. गजेन्द्र सिंह, पाय. विजेन्द्र गर्ग, पाय. अतुल शर्मा, पाय. अभिलाष ने अपना सहयोग प्रदान कर, कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

*पाय. हेमन्त सोनी (सचिव)*



## गुरूद्वारा भौंरा साहिब की संस्थापक व सिख समुदाय की अन्तर्राष्ट्रीय समाज सेविका बहन सन्तोष कौर जी को पायनियर सेवा सम्मान



*इंण्टरनेशनल पायनियर्स हापुड़ मित्र ने गुरूद्वारा भोंरा साहिब की संस्थापक व सिख समुदाय की अन्तर्राष्ट्रीय समाज सेविका बहन सन्तोष कौर जी पायनियर सेवा सम्मान से सम्मानित किया।*

*2 दिसम्बर 2012 सिख समुदाय की अन्तर्राष्ट्रीय समाज सेविका तथा विभिन्न गुरूद्वारा की संस्थापक बहन संतोष कौर जी को पायनियर सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष स. भूपेन्द्र सिंह ने बहन जी का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव व राष्ट्रीय उप महासचिव पाय. विशन सक्सेना द्वारा पायनियर सेवा सम्मान स्मृति चिन्ह से बहन जी को सम्मानित किया गया। बहन संतोष कौर जी द्वारा हापुड़ शहर में दो गुरूद्वारा व एक विद्यालय (गरीब व असहाय बच्चों के लिए) का संचालन किया जा रहा है। विद्यालय में लगभग 700 छात्र निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करते हैं। बहन संतोष कौर जी विभिन्न चिकित्सा सेवा, गुरूद्वारा लंगर सेवा सहित अनेक माध्यमों से जन–जन की सेवा कर रही हैं।*

*हापुड़ पायनियर मित्र ऐसी समाज सेविका का सम्मान कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है और भगवान से उनके लिए दीर्घायु की कामना करता है।*

*इस अवसर पर पाय. अजय बंसल, पाय. मनोज अग्रवाल, पाय. हेमन्त सोनी, पाय. हिमांशु बंसल, पाय. नीरज गर्ग, पाय. सतीश, पाय. सुनील कुमार, पाय. गजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहें। बहन जी ने सभी पायनियर्स साथियों को पवित्र पगड़ी व प्रसाद देकर सम्मानित किया।*

**पाय. हेमन्त सोनी (सचिव)**

## शुभकामना संदेश

लायन्स क्लब हापुड़ सुप्रीम के सभी सदस्यों की तरफ से श्री अरूण कुमार यादव जी के पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं हम ईश्वर से कामना करते हैं कि ईश्वर श्री अरूण कुमार यादव जी को इससे भी अधिक ऊँचाई एवं शोहरत प्रदान करें।

***आपका – राकेश त्यागी (सचिव)***
***लायन्स क्लब हापुड़ सुप्रीम***



# इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब



## के 43 वें राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 18-11-12 आर० के० प्लाजा हापुड़ में आप सभी पायनियर्स का हार्दिक स्वागत है।

केशव शिवहरे (राष्ट्रीय अध्यक्ष) वर्ष 2011-2012

अरूण यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष) वर्ष 2012-2013

केशव शिवहरे (राष्ट्रीय अध्यक्ष) | संतोष महरोत्रा (राष्ट्रीय महासचिव) | आर्कि० एम० एस० नेगी (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष)

**स्वागत कर्ता:- समस्त पायनियर्स परिवार हापुड़**

सौजन्य से :- गौरव बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर्स बछलौता रोड़ बाबूगढ़

हिन्दुस्तान • मेरठ • सोमवार • 19 नवंबर 2012 • 04

## धूमधाम से मनाया क्लब का अधिवेशन

हापुड़। हमारे संवाददाता



रविवार को इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के अधिष्ठापन समारोह में बोलते विजेन्द्र गर्ग।

इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब का 43वां अधिवेशन धूमधाम से मनाया गया। समारोह में नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष अरुण यादव, महासचिव संतोष मेहरोत्रा को शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि जिला जज अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कारों में रचीबसी यह संस्था निश्चित रूप से सेवा के कार्य में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण यादव ने क्लब द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को सिद्दत से निभाने की बात कही।

समारोह की अध्यक्षता अरुण यादव और संचालन महावीर वर्मा माधुर ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला जज अशोक कुमार तिवारी जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव संतोष मेहरोत्रा रहे।

समारोह में केशव शिवहरे, कोषाध्यक्ष एमएस नेगी, राष्ट्रीय सचिव आराधना वाजपेयी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, मनोज अग्रवाल, जनरल चेयरमैन महावीर वर्मा माधुर, विजेन्द्र गर्ग, अजय अग्रवाल को चुना गया। इस अवसर पर हिमांशु बंसल, अशोक अग्रवाल, डॉ. राकेश्वर, राकेश अरोरा, रुचि गोयल, राहुल गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## महावीर के तीर
## मेरा गीत जनम लेता है

सींचें पौधों को जब माली।  
झुकती जब फूलों से डाली।।  
सोता बच्चा मुस्काता है।  
कोई उसे गुदगुदाता है।।  
तो इक गीत जनम लेता है.........

सन सन हवा चले मतवाली।  
पकती जब गेहूं की बाली।।  
भंवरा जब गुन गुन गाता है।  
कलियों पर जब मंडराता है।।  
तो इक गीत जनम लेता है.........

मलय प्रात: के गीत सुनाती।  
अज़ान संग आरती गाती।।  
गुरूद्वारे जब शबद सुनाते।  
तब संगीत जनम लेता है।।  
तो इक गीत जनम लेता है.........

पक्षी जब पेड़ों पर गाते।  
बच्चे विद्यालयों को जाते।।  
जब कोई मीत नमन करता है।  
मुख से मधु सा झरता है।।  
तो इक गीत जनम लेता है.........

सावन में जब चपला चमके।  
घनन घनन जब मेघा बरसे।।  
प्यास बुझा कर जब धरती की,  
इन्द्रधनुष जब मुस्काता है।।  
तो इक गीत जनम लेता है.........  
मेरा गीत जनम लेता है.........

- महावीर वर्मा 'मधुर'  
मो. : 8057516622

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का पत्र



आदरणीय,

पायनियर्स बन्धुओं !

इण्टरनेशनल पायनियर्स के 43वें राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन कर मेरा शानदार शपथ ग्रहण समारोह करने के लिए मैं आप सब का हृदय से आभारी हूँ। जिस विश्वास व आशा के साथ आपने मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है उसे तन-मन-धन से यथा योग्य पूर्ण करने का प्रयास मैं हमेशा करता रहूँगा। आप सभी पायनियर्स शाखाओं के अध्यक्ष/सचिव पदाधिकारियों से मेरा आग्रह है कि पायनियर्स के विकास व उन्नति के लिए आप सभी का सहयोग व समर्पण की आवश्यकता है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि इस संस्था को 42 वर्ष पूर्ण हो गये हैं किन्तु अभी तक इसका प्रसार उस स्तर पर नहीं हो सका जिस स्तर पर इस जैसी समाज के प्रति समर्पित संस्था को होना चाहिए। कारण पूरे मनोयोग से इसके लिए प्रयास ना करना तथा इसके प्रसार हेतु हमारा उदासीन दृष्टिकोण। मैं जानता हूँ कि लक्ष्य बड़ा है किन्तु चुनौतियों का सभी सामना करना ही होगा और छोटे-छोटे लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने ही होंगे तभी हम पायनियरवाद को देश/विदेश में प्रसारित कर पायेंगे। पहले हमें प्रथम त्रेमास में अपने लिए लक्ष्य का चयन करना होगा और पूरे मनोयोग से उसकी प्राप्ति के लिए प्रयास करना होगा।

वर्ष 2012-13 की कार्यकारिणी में मेरे द्वारा विभिन्न जोन बनाये गये हैं तथा जिसकी जिम्मेदारी जोनल चैयरमैनों को दी गई है। हमारा प्रथम लक्ष्य यह है कि कम से कम प्रत्येक जोन में एक नई शाखा का गठन हो तथा यह लक्ष्य प्रथम त्रेमास में प्राप्त किया जाये साथ ही सभी शाखायें अपनी शाखाओं में सदस्य संख्या बढ़ायें ताकि हमारा परिवार बड़ा व समृद्ध हो सके। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी शाखाऐं व जोनल चैयरमैन इस लक्ष्य को प्रथम त्रेमास में प्राप्त करने में मेरा सहयोग करेंगे।

साथ ही मेरी सभी शाखा प्रमुखों से अनुरोध है कि अपने-अपने शहर में समाज से जुड़ी अधिक से अधिक एक्टविटीज जैसे-इसस सर्दी के मौसम में विभिन्न चौराहों या जगह अलाव लगाना, गरीब व असहाय लोगों को गर्म कपड़े या कम्बल, रजाई वितरण जैसे कार्यक्रम किये जा सकते हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को फायदा हो सके। यदि सभी शाखाऐं अपने-अपने शहरों के प्रवेश द्वारों पर इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब (शहर का नाम) में आगमन पर आप का हार्दिक अभिनन्दन है जैसे होल्डिंग या बैनर स्थायी रूप से नगर के प्रवेश द्वारों पर लगाये जायें तो अच्छा संदेश नगरवासियों में जायेगा तथा पायनियर्स के विस्तार में भी सहायता होगी।

आशा है आप सभी सहयोग करेंगे। अत: आप सभी पायनियर्स को नववर्ष की मंगल शुभकामनाऐं।

"हमरे जब भी पंख खोले हैं उड़ान के लिए।  
हम चुनौती बन गये हैं आसमान के लिए।।"

*अरूण यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब)*

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ 'कला एवं साहित्य मंच'

दिनांक 18 नवम्बर 2012 को 43वें राष्ट्रीय अधिष्ठापन समारोह, आर.के.प्लाजा हापुड़ में इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब कला एवं साहित्य मंच, हापुड़ की नवगठित कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण यादव जी द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यकारिणी निम्नवत हैं –

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| 1. पाय. महावीर वर्मा | अध्यक्ष | 8057516622 |
| 2. पाय. डॉ. राजेश्वर | सचिव | |
| 3. पाय. नरेन्द्र गर्ग | कोषाध्यक्ष | |
| 4. पाय. अनिल वाजपेयी | संयोजक | |
| 5. पाय. अविनाश बब्बर | उपाध्यक्ष | |
| 6. पाय. सुनील शर्मा | उपाध्यक्ष | |
| 7. पाय. सुभाष गोयल | पी.आर.ओ. | |

*पाय. डॉ. राजेश्वर (सचिव)*

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ 'मित्र'

आज दिनांक 18 नवम्बर 2012 को इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ 'मित्र' की कार्यकारिणी का गठन आर.के. प्लाजा हापुड़ में सम्पन्न हुआ। नवगति कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 43वें राष्ट्रीय अधिष्ठापन समारोह के मंच पर शपथ ग्रहण करायी गई। कार्यकारिणी निम्न प्रकार है –

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| 1. पाय. सरदार भूपेन्द्र सिंह | अध्यक्ष | 9927143199 |
| 2. पाय. हेमन्त सोनी | सचिव | 9719624722 |
| 3. पाय. अजय बंसल | कोषाध्यक्ष | 9837282497 |
| 4. पाय. बिशन सक्सेना | संरक्षक | 9719399309 |
| 5. पाय. अरूण यादव | संयोजक | 9837291373 |
| 6. पाय. सुनील कुमार | उपाध्यक्ष | 9760916982 |
| 7. पाय. नीरज गर्ग | उपाध्यक्ष | 9412118931 |
| 8. पाय. मनोज अग्रवाल | संगठन मंत्री | 9412121444 |
| 9. पाय. सतीश कुमार | डायरेक्टर | 9258018586 |
| 10. पाय. गजेन्द्र कुमार | डारयेक्टर | 8650500271 |
| 11. पाय. हिमांशु बंसल | डायरेक्टर | 8445250731 |
| 12. पाय. नितिन जैन | डायरेक्टर | 9557811007 |

*पाय. हेमन्त सोनी (सचिव)*

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ 'मेन'

आज दिनांक 18 नवम्बर 2012 को 43वें राष्ट्रीय अधिष्ठापन समारोह आर.के. प्लाजा हापुड़ में इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ मेन की नवगठित कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण यादव जी द्वारा शपथ ग्रहण करायी गई। कार्यकारिणी निम्नवत है –

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| 1. पाय. अशोक एडवोकेट | अध्यक्ष | 9412219295 |
| 2. पाय. अतुल शर्मा | सचिव | 9837036572 |
| 3. पाय. अभिलाष एडवोकेट | कोषाध्यक्ष | 9837258783 |
| 4. पाय. विजेन्द्र गर्ग (लोहे वाले) | संरक्षक | 9837023692 |
| 5. पाय. सतीश कली वाले | डायरेक्टर | 9927072840 |
| 6. पाय. राकेश अरोड़ा | डायरेक्टर | |
| 7. पाय. भूपेन्द्र कुमार | डायरेक्टर | |

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब महिला, हापुड़

दिनांक 18 नवम्बर 2012 को 43वें राष्ट्रीय अधिष्ठापन आर.के. प्लाजा हापुड़ के मंच पर महिला पायनियर्स सदस्यों को राष्ट्रीय महासचिव संतोष महरोत्रा जी द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यकारिणी निम्न प्रकार गठित की गई –

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| 1. पाय. आराधना वाजपेयी | अध्यक्ष | 9837475346 |
| 2. पाय. शालू गोयल सचिव | | |
| 3. पाय. उर्मिला शर्मा | कोषाध्यक्ष | |
| 4. पाय. पूनम कर्णवाल | उपाध्यक्ष | |
| 5. पाय. मधु वर्मा | उपाध्यक्ष | |
| 6. पाय. रेखा सिंह | डायरेक्टर | |
| 7. पाय. रजनी बंसल | डायरेक्टर | |
| 8. पाय. मंजू सक्सैना | डायरेक्टर | |

*पाय. शालू गोयल (सचिव)*

## पायनियर्स क्लब रामनगर कार्यकारिणी

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. संदीप गुप्ता | अध्यक्ष | 9837076678 |
| पाय. डॉ. डी.एस. रावत | सचिव | 9634276645 |
| पाय. राजा चड्ढा | कोषाध्यक्ष | 8958061164 |

## पायनियर्स क्लब चित्रकूट

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. केशव प्रसाद शिवहरे | अध्यक्ष | 9415437860 |
| पाय. गोपीकिशन अग्रवाल | सचिव | 9452032660 |
| पाय. विनोद गुप्ता | कोषाध्यक्ष | 9450170453 |

## पायनियर्स क्लब मुरादाबाद

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. एल.सी अरोड़ा | अध्यक्ष | 9319747969 |
| पाय. अनूप टण्डन | सचिव | 9897754374 |
| पाय. कमल रस्तौगी | कोषाध्यक्ष | 9219533743 |

## पायनियर्स क्लब गाजियाबाद

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. के.पी. सिंह | अध्यक्ष | 9810198281 |
| पाय. गजेन्द्र शर्मा | सचिव | 9911545329 |
| पाय. ऋषिदेव शास्त्री | कोषाध्यक्ष | 9871912488 |

## पायनियर्स क्लब दिल्ली

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. गोविन्द सिंह | अध्यक्ष | 9810198281 |

## पायनियर्स क्लब चन्दौसी

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. विशाल कुमार | संयोजक | 9457038777 |

## पायनियर्स क्लब कानपुर

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. राधाकृष्ण विश्नोई | अध्यक्ष | 941513310 |
| पाय. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी | सचिव | 9389532211 |

## पायनियर्स क्लब शाहजहाँपुर

| नाम | पद | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| पाय. ललित गर्ग | संयोजक | 9415035073 |

# इण्टरनेशनल पायनियर्स का 43वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन

इण्टरनेशनल पायनियर्स का 43वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन एवं 2012-13 के लिए निर्वाचन दिनांक 18 नवम्बर 2012 को श्री आर.के. प्लाजा, रेलवे रोड, हापुड़ (उ.प्र.) में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. केशव प्रसाद शिवहरे कर्वी, चित्रकूट द्वारा की गई। अधिवेशन में निर्वाचित राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची निम्न प्रकार है :-

| नाम | पद | पता | मोबाइल नं. | व्यवसाय |
|---|---|---|---|---|
| पाय. अरूण यादव | अध्यक्ष | 1590, शिवपुरी हापुड़ | 9837291373 | एल.आई.सी. |
| पाय. सन्तोष महरोत्रा | महासचिव | नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल) | 9897122394 | सेवानिवृत शिक्षक |
| पाय. एम.एस.नेगी | कोषाध्यक्ष | 1 फ्लोर, सुभाष चौक, रामनगर (नैनीताल) | 9837203193 | आर्किटैक्ट |
| पाय. के.पी. सिंह | उपाध्यक्ष | आर-12/35, राजनगर, गाजियाबाद | 9810198281 | एडवोकेट |
| पाय. मनोज अग्रवाल | उपाध्यक्ष | गली नं.-2, पक्का बाग, हापुड़ | 942121444 | |
| पाय. बिशन सक्सेना | उप महासचिव | रघुवीर गंज, हापुड़ | 9719399309 | सर्विस |
| पाय. विजेन्द्र गर्ग | जोनल चैयरमेन | 12, ज्ञानलोक, हापुड़ | 9837023092 | व्यवसाय |
| पाय. महावीर वर्मा 'मधुर' | जोनल चैयरमेन | 165, न्यू आर्यनगर, हापुड़ | 8057516622 | व्यवसाय |
| पाय. अजय अग्रवाल | जोनल चैयरमेन | स्टेशन रोड, कर्वी | 9452031369 | व्यवसाय |
| पाय. सुधीर अग्रवाल कर्वी | जोनल चैयरमेन | सिविल लाइन्स, इलाहाबाद रोड, कर्वी | 9415496578 | चिकित्सक |
| पाय. आराधना वाजपेयी | राष्ट्रीय सचिव | जवाहरगंज, हापुड़ | 9837475346 | प्रिंसिपल |
| पाय. अजय बंसल | जन सम्पर्क अधिकारी | | 9837282492 | व्यवसाय |

# नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव को सम्मानित किया

आज दिनांक 5 नवम्बर 2012 को पायनियर्स क्लब रामनगर की सभा आयोजित की गई। आयोजन का संचालन महिला उपाध्यक्ष श्रीमती तनु चड्ढा द्वारा किया गया। सभा में रामनगर शाखा के सभी सदस्यों के साथ-साथ हापुड़ से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अरूण कुमार यादव व साथी श्री बिशन सक्सेना भी उपस्थित थे। सभा में रामनगर शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ उक्त दोनों अतिथियों का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया व रामनगर शाखा में नये सदस्यों का स्वागत तथा परिचय कराया गया। सभा में बच्चों द्वारा भजन व गीत प्रस्तुत किए गए। डॉ. के.सी. जोशी व श्रीमती जोशी द्वारा युगत गीत गाया गया। श्रीमती चड्ढा द्वारा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। बैठक में पायनियर्स क्लब के निर्माणाधीन औषधालय (पीरूमदारा) के सन्दर्भ में चर्चा की गई। जिसका अतिशीघ्र शुभारम्भ करने पर वार्ता हुई। नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मानित किया गया एवं बिशन सक्सेना का स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री संदीप गुप्ता द्वारा वर्ष 2012-13 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई जिसके लिए सभी सदस्यों को प्रपत्र वितरित किए गए और सदस्यों की राय भी मांगी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने भाषण में 18 नवम्बर को पायनियर्स के 43वें प्रान्तीय अधिवेशन में सभी पायनियर्स को हापुड़ आने को आमंत्रित किया गया। अन्त में संस्थापक महोदय संतोष मेहरोत्रा जी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व सक्सेना जी को रामनगर आगमन पर रामनगर शाखा की ओर से धन्यवाद दिया गया। सभा के अन्त में सभी सदस्यों द्वारा शपथ ली गई व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

## पाय. एल.सी.अरोड़ा मुरादाबाद पायनियर्स के अध्यक्ष

**मुरादाबाद।** मैसॉनिक लॉज में सम्पन्न हुई पायनियर्स क्लब मुरादाबाद की बैठक में पाय. एल.सी. अरोड़ा को पायनियर्स क्लब मुरादाबाद का अध्यक्ष सर्व सम्मति से घोषित किया गया। पाय. अरविन्द अग्रवाल के त्यागपत्र से यह पद रिक्त हुआ था। मीटिंग में बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी, कपल गेम आदि सम्पन्न हुए। भावी योजनाओं पर विचार कर मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरित करने तथा गर्म वस्त्र वितरित करने का निर्णय हुआ। ठंड के मौसम में विभिन्न स्थानों पर अलाव जनाने का भी निर्णय हुआ।

## पीरूमदारा में पायनियर औषधालय भवन का जीर्णोधार सम्पन्न

रामनगर पायनियर्स द्वारा संचालित राजरानी महरोत्रा पायनियर धर्मार्थ होम्यो औषधालय भवन का जीर्णोधर पूर्व कार्यकारिणी द्वारा प्रारम्भ किया गया था। नई कायकारिणी में पाय. संदीप गुप्ता की अध्यक्षता में पाय. संजीव शर्मा के नेतृत्व में बहुत ही कम समय अवशेष कार्य पूर्ण कर लगभग 1 लाख की लागत से भवन का जीर्णोधार पूर्ण कर एक नव नियुक्त चिकित्सक डॉ. सौरभ चौहान के नेतृत्व औषधालय प्रारम्भ कर दिया गया है। इस औषधालय में 28 दिसम्बर, शुक्रवार को चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा।

## विमल कुमार चन्दौसी पायनियर्स के संयोजक

राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अरूण यादव ने आजीवन सदस्य विशाल कुमार, 5/6ए कालिन्दीकुंज, आवास विकास, चन्दोसी, मो. : 9457038777, को पायनियर्स क्लब चन्दोसी का संयोजक मनोनीत किया।

## पायनियर्स क्लब पंचशील नगर का नाम पायनियर्स क्लब हापुड़ मित्र घोषित

*सेवा में,*

*पाय. संतोष महरोत्रा जी*
*राष्ट्रीय महासचिव*
*इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब*

*महोदय,*

*आज दिनांक 24.11.12 को श्री मनोज अग्रवाल जी के आवास पर इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब पंचशील नगर की बैठक की गई। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष स. भूपेन्द्र सिंह ने प्रस्ताव रखा कि हापुड़ शहर का नाम उ. प्र. सरकार द्वारा पंचशील नगर से बदल कर पुन: हापुड़ कर दिया गया है। अत: हमें भी अपने क्लब का नाम पंचशील नगर से बदलकर हापुड़ कर देना चाहिए। पाय. अजय बंसल जी ने सुझाव दिया कि हापुड़ में पायनियर्स की चार शाखायें कार्य कर रही हैं अत: उचित होगा कि अपने क्लब का नाम 'हापुड़ मित्र' कर दिया जाये ताकि हापुड़ शहर में अपने क्लब की पृथक पहचान बन सकें। उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित किया गया।*

*इण्टरनेशनल पायनियर्स की सभी शाखाओं के अध्यक्ष/सचिव से अनुरोध है कि हमने अपने क्लब का नाम इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ मित्र कर लिया है, जिसकी सूचना हमने फेसबुक तथा इण्टरनेशनल पायनियर्स की वेबसाइट में प्रकाशित कर दी गई है। भविष्य में हमें इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, हापुड़ मित्र के नाम से जाना जाये।*

*सधन्यवाद।*

*बिशन सक्सेना (सरंक्षक)*
*इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ मित्र*

दिनांक : 18 दिसम्बर 2012
समाचार पत्र पंजीयन सं० पं० सं० 56806/83,
डाक पंजीयन सं. यू ए/नैनीताल-01/ 2012-2014

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड


सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐं

## अब दिल्ली - मुम्बई क्यों?

पथरी कहीं भी कैसी भी
मेडिकल साइंस और तकनीक का अनूठा मेल

## लेजर लिथोट्रिप्सी



कोई चीरा नहीं, कोई खून नहीं, कोई दर्द नहीं
बिना ऑपरेशन पथरी का उपचार
बहुत महँगा भी नहीं

## डॉ. मयंक अग्रवाल

एन्डो यूरोलोजिस्ट एवं लैपरोस्कोपिक सर्जन
भूतपूर्व सर्जन - पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, नई दिल्ली
अ.स. प्रोफेसर - एस.एन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, आगरा
परामर्श के लिए सम्पर्क करें : 8191045939

## डॉ. मौलश्री अग्रवाल

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
स्त्री रोग विशेषज्ञ

मिलने का स्थान एवं समय :
डॉ. के.के. अग्रवाल क्लिनिक
रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल)
समय : सायं 7.00 बजे से 9.00 बजे तक (मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं शनिवार)

## रघुवीर सरन अग्रवाल

# जय गनेश एण्ड संस

ज्वैलर्स



23, 24 कैरेट
सोने व चाँदी के आभूषणों के
निर्माता व विक्रेता

सर्राफा चौक,
रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
फोन : 05947-251431 (दु.)

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-संतोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इण्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिंटर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।